# गायत्री शक्तिपीठ में 5 राज्यों के साधक कर रहे कठोर तप

**▸ 5 दिनों तक रहेगा पूर्ण मौन और सात्विक आहार**

**उज्जैन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार केंद्र शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन पर पांच दिवसीय 'विशिष्ट साधना सत्र का शुभारंभ 14 फरवरी से हो गया है। इस शिविर में कड़े अनुशासन का पालन करते हुए साधक आत्मशोधन की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। यह शिविर अब हर महीने की 14 से 20 तारीख तक आयोजित किया जाएगा।

**5 राज्यों के 29 साधक ले रहे भाग:** मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभु चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशिष्ट शिविर में कुल 29 साधक भाग ले रहे हैं, जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं। इसमें मध्य प्रदेश से सर्वाधिक 24 साधक, बिहार से 2, तथा उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और राजस्थान से 1-1 साधक शामिल हैं।



### तकनीक और अध्यात्म का संगम

शिविर का संचालन शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के नायक कुलदीप सिंह राणावत कर रहे हैं। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक जे.पी. यादव और उप जोन प्रभारी प्रभाकर सोनोने के मार्गदर्शन में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस शिविर का समापन 19 फरवरी की शाम को होगा। 20 फरवरी को साधक उज्जैन के धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर विदा लेंगे। गायत्री परिवार का उद्देश्य इन शिविरों के माध्यम से मानव में देवत्व का उदय औरवसुधैव कुटुंबकम की भावना को प्रबल करना है। आगामी शिविर अयोध्या धाम में 19 मार्च से 27 मार्च तक तथा ओंकारेश्वर में 25 मार्च से 30 मार्च तक लगेंगे। इस साधना सत्र में भाग लेने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से अनुमति लेना आवश्यक है।

### डिजिटल उपवास और पूर्ण मौन

शिविर की सबसे बड़ी विशेषता इसका कठोर अनुशासन है। सभी साधक 14 फरवरी की शाम से 19 फरवरी की शाम तक पूर्ण मौन व्रत का पालन कर रहे हैं। इस दौरान साधक डिजिटल उपवास' पर हैं, अर्थात मोबाइल का प्रयोग पूरी तरह वर्जित है। भोजन में भी केवल सात्विक आहार दिया जा रहा है, जिसमें पवित्रता का विशेष ध्यान रखा गया है।साधकों की दिनचर्या अत्यंत व्यवस्थित है। प्रात: 4 बजे जागरण के साथ दिन की शुरुआत होती है। इसके बाद प्रार्थना, आत्मबोध और आरती का क्रम चलता है।

# अभिभाषक संघ महिदपुर ने अधिवक्ताओं के हित के लिए सौंपा ज्ञापन




**महिदपुर।** अभिभाषक संघ उपाध्यक्ष पल्लव मुखिया की अध्यक्षता में अधिवक्ता संघ करेरा, जिला शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की14 फरवरी 2026 को अपराधियों के द्वारा न्यायालय जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। उक्त संबंध में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के आव्हान पर उक्त घटना के विरोध स्वरुप एवं एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ महिदपुर के समस्त सदस्यगण न्यायालयीन कार्य से विरत रहे तथा एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग के संबंध में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को संबोधित करते हुए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी महिदपुर को ज्ञापन का वाचन कर सौंपा गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ महिदपुर के सचिव शंकरसिंह तोमर व कार्यकारिणी सदस्यगण व समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अभिभाषकगण उपस्थित रहे। जानकारी अभिभाषक संघ मीडिया प्रभारी मुर्तज़ा बोहरा द्वारा ने दी।

## एक नजर में

### श्री नर्मदेश्वर महादेव का अलौकिक सेहरा श्रृंगार

**उज्जैन।** महावीर एवेन्यू फेस 2 में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर दिव्य संध्या आरती हुई। इस अवसर पर भगवान का अलौकिक सेहरा श्रृंगार किया गया। भक्तों ने दर्शन किये। आरती के पश्चात फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया। अध्यक्ष ओम जैन एवं सुनीता चैधरी द्वारा कालोनी की सेवा समिति का गठन किया गया जिसमें 15 सदस्यों को सम्मान पट्टिका एवं मोती की माला से सम्मान किया गया। आभार ओम जैन ने किया। इस अवसर पर कालोनी के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी भैरुलाल सोनी ने दी।

### भाजपा का आजीवन समर्पण निधि एकत्रीकरण अभियान

**इंदौर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को भाजपा समर्पण दिवस के रूप में मनाती है, उसी दिन से आजीवन समर्पण निधि अभियान प्रारंभ होता है, पार्टी के नेता और कार्यकर्ता संगठन के सशक्तिकरण के लिए धन संग्रहण का अभियान प्रारंभ करते हैं. यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। इस अभियान के निमित आज भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक व अभियान नगर प्रभारी गोलू शुक्ला, सह प्रभारी हरप्रीत सिंह बक्शी, मुकेश मंगल विभिन्न नेताओं के निवास पहुंचकर आजीवन समर्पण निधि एकत्रीकरण कार्य कर रहे हैं. इसी क्रम में आज भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक व अभियान नगर प्रभारी गोलू शुक्ला, सह प्रभारी हरप्रीत सिंह बक्शी, मुकेश मंगल, मंडल अध्यक्ष नीतेश जैन पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के निवास पहुंचे, श्रीमती महाजन ने समर्पण निधि का चेक नेताओं को भेंट किया. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक शुक्ला, सह प्रभारी हरप्रीत सिंह, मुकेश मंगल, निगम सभापति मुन्नालाल यादव, मंडल अध्यक्ष पिंटू चौधरी पहुंचे, उन्होंने मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय से समर्पण निधि का चेक संग्रहित किया. सभी नेताओं ने उन्हें रसीद भेंट की. इसके पश्चात सांसद शंकर लालवानी के निवास पहुंचे वहां श्री लालवानी ने अपनी निधि का चेक नेताओं को दिया. महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निवास पहुंचकर राशि चेक एकत्रीकरण किया.

### भोले का किया महाकाल स्वरूप में श्रृंगार

**इंदौर.** नवरतन बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया. प्रवीण जोशी ने बताया कि शिवालय में रूद्राभिषेक हुआ। भोलेनाथ को महाकाल के स्वरूप में सुंदर श्रृंगार किया गया. महाआरती के बाद शिवभक्तों में 5 किंवटल फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया. इस मौके पर राधा सुशील उपाध्याय, अर्चना ललित रुईया, रुचि गौरव चोखानी महेश पाल, ललित परदेशी विशेष रूप से उपस्थित थे.

### केंद्रीय बजट विशेष कार्यक्रम का आयोजन कल

**इंदौर.** देश के आगामी आर्थिक परिदृश्य को समझने एवं केंद्रीय बजट 2026-27 के विभिन्न आयामों पर चर्चा हेतु अनलॉकिंग केंद्रीय बजट 2026-27卐 विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 18 फरवरी को दोपहर 12.20 बजे किया जाएगा. यह कार्यक्रम स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से जुड़े विद्वानों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता से आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहेंगे. सांसद शंकर लालवानी बजट के राष्ट्रीय विकास एवं जनहित से जुड़े पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त करेंगे. दिनेश बिसेन, अतिरिक्त आयुक्त, सेंट्रल जीएसटी, इंदौर एवं उज्जैन कर व्यवस्था, जीएसटी सुधार एवं व्यापारिक सुगमता से जुड़े बजट प्रावधानों की जानकारी देंगे. गौतम कोठारी अध्यक्ष पीथमपुर औद्योगिक संगठन उद्योग क्षेत्र पर बजट के प्रभाव, निवेश संभावनाओं एवं रोजगार सृजन के अवसरों पर अपने विचार साझा करेंगे. गौरव गोयल, एम/एस नाइस इंदौर व्यापारिक दृष्टिकोण से बजट के व्यावहारिक प्रभावों पर प्रकाश डालेंगे. कार्यक्रम में विशेष शैक्षणिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए प्रो. पी.एन. मिश्रा, पूर्व विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, डीएवीवी, इंदौर बजट के व्यापक आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण करेंगे. कार्यक्रम के दौरान बजट के सामाजिक, औद्योगिक एवं शैक्षणिक प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम नीति, उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा.

# सुदामा चरित्र के मार्मिक प्रसंग के साथ श्रीमद्भागवत कथा का विश्राम

**▸ महाआरती के बाद भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी, सुदामा-कृष्ण मिलन देख भावुक हुए भक्त**

**उज्जैन। मक्सी रोड स्थित नीमनवासा चकोर पार्क में बालाजी टाइल्स एवं पंवार परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को सातवें दिवस सुदामा चरित्र के वर्णन और महाआरती के साथ विधिवत विश्राम( समापन )हुआ। कथा के अंतिम दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्यलाभ कमाया।**



**मित्रता का अनूठा उदाहरण है सुदामा चरित्र :** कथा व्यास पंडित अजय शंकर तिवारी ने कथा का रसपान कराते हुए भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में अमीरी-गरीबी नहीं, बल्कि समर्पण और भाव देखा जाता है। सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनते ही पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के समापन पर यजमान संजय पंवार (बालाजी टाइल्स) द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

पंडित अजय शंकर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक आयोजन 11 से 17 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक बालाजी टाइल्स कंपाउंड में चला। मंगलवार को कथा विश्राम के अवसर पर पंवार परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। कथा समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा, उमेश सिंह सेंगर, हरनाम यादव और राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से कैलाश पंवार, रमेश पंवार, प्रकाश पंवार, राजमल पंवार, संजय पंवार, बंटी केलोदीया सहित समस्त बालाजी टाइल्स परिवार, पंवार परिवार और मित्र मंडल का सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासी और धर्मप्रेमी जनता मौजूद रही।

### 30/84 श्री च्यवनेश्वर महादेव मंदिर पर महाआरती हुई

**उज्जैन।** पुरूषोत्तम सागर के समक्ष विराजित 30/84 श्री च्यवश्नेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व की रात्रि को सैकड़ों भक्तों ने ढोल, झांझ, मंझीरे की थाप पर करतल ध्वनि के बीच बाबा के जयकारों के साथ महाआरती की। मुख्य पुजारी पं.पवन गुरू के अनुसार महाआरती में भगवान श्री च्यवनेश्वर महादेव का महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान को मुखौटा पहनाकर सेहरा श्रृंगार के दर्शन कराये गये। महाआरती में अर्पित किये गये बैर, फलों, सूखे मेवों व मिष्ठान्न का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। आज 18 फरवरी को भंडार होगा। इस अवसर पर लक्ष्य शर्मा, गिरिराज शर्मा, अथर्व शर्मा, रविन्द्र राणावत, ज्योति राणावत, अनिल शर्मा, आनंदीलाल व्यास, किरणबाई राणावत, भं.वीरप्रतापसिंह राणावत सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मानवता के कल्याण एवं ज्ञान के दीप के साथ हुआ 18वां महाशिवरात्रि वार्षिकोत्सव

**उज्जैन।** सदावल रोड स्थित श्री उपनिषद् आश्रम पर 18वां अखिल भारतीय महाशिवरात्रि वार्षिकोत्सव एवं मृत्युञ्जयरुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन 13 फरवरी से प्रारंभ होकर 17 फरवरी तक चला और संपूर्ण महोत्सव स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज के कृपापात्र शिष्य आचार्य स्वामी वीतरागानन्द सरस्वती महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रात्रि के चारों प्रहरों में विशेष पूजन-अर्चन एवं अनुष्ठान संपन्न किए गए। 16 फरवरी को विधिवत यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात दशांश हवन किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विशाल संत सभा महोत्सव का मुख्य आकर्षण किया। जिसमें देशभर से आए सभी 13 अखाड़ों के संत, महंत एवं मंडलेश्वर बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान साधु संतों की उपस्थिति में छंदोंग्योपनिषद पुस्तक का विमोचन किया। आयोजित संत सभा में साधु-संतों ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 2028 सिंहस्थ में सभी साधु-संतों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। स्वामी वीतरागानन्द सरस्वती महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर बालयोगी उमेशनाथ महाराज उपस्थित थे। महोत्सव का समापन शांतिपूर्ण वातावरण में विशाल भंडारे के साथ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संतों, श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। आत्मानन्द सरस्वती महाराज, रामानन्द महाराज, डॉ. स्वामी चेतनस्वरूप महाराज, डॉ. सदानन्द त्रिपाठी, विभाष उपाध्याय, नेता प्रतिपक्ष रवि राय आदि सेवा देने वाले लोग उपस्थित थे। आयोजन की सफल एवं सुव्यवस्थित पूर्णता पर आश्रम परिवार और आयोजकों द्वारा सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।



# मीसाबंदी देवव्रत चौधरी का गार्ड आफ आनर के साथ देहदान संपन्न




**उज्जैन।** सेवाधाम आश्रम में जीवन के अंतिम क्षणों में विगत 1 वर्ष से आश्रम में पर सेवाओं पर निर्भर आचार्य विनोबा भावे के साथी मीसाबंदी, गोविन्दराम सक्सेरिया कॉलेज इंस्टीट्यूट आफ साईस एण्ड टेक्नॉलाजी के प्रतिभाशाली छात्र, गोल्ड मेडलिस्ट एवं छात्र अध्यक्ष एवं इंजीनियर ने सेवाधाम आश्रम में अंतिम सांस ली। देवव्रत चोधरी की अंतिम इच्छानुसार एवं आश्रम संस्थापक सुधीर भाई की प्रेरणा एवं वरद उपस्थिति में भाई कर्नल सुभ्रत चोधरी, अपूर्व चोधरी, बहन बहनोई रंजन बेनर्जी, कॉलेज के डीन डॉ. अखिलेश कुमार पीठवा, प्रो. श्वेता मिश्रा, बचपन के मित्र नारायण दास आई दासानी, प्रो. शर्मा, दत्तक पुत्र ब्रजेश शर्मा एवं गजानन्द सिंह चौधरी देहदान अधिकारी की उपस्थिति में अमलतास हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज, देवास को सौंपा गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणानुसार देहदानी अमर रहे के नारों के साथ देवास पुलिस ने गार्ड आफ आनर दिया, देवव्रत चोधरी अपने समय में प्रख्यात लेखक, पत्रकार भी रहे, उन्होंने बुक आफ गार्ड पुस्तक भी लिखी, विनोबाजी के निर्देशन में गोबर गैस निर्माण में बतौर इंजीनियर एवं गौ हत्या के विरुद्ध अनेक सत्याग्रह भी किए।

**एक नजर** ▸ **10 दिवसीय शिव महापुराण व श्रीराम कथा का हुआ विश्राम**

# हृदयेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर हुई कलश स्थापना

**उज्जैन।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के हृदयेश्वर महादेव मंदिर में भक्तिमय वातावरण के बीच मंदिर के शिखर पर विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। इसी के साथ विगत 10 दिनों से चल रहे श्रीराम कथा, शिव महापुराण और शिव शक्ति महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ।

युवा मंच सत्संग समिति और सहयोगी संस्थाओं द्वारा आयोजित इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया। 10 दिनों तक चले इस आयोजन में व्यास गादी से भाई जी श्री प्रदीप जी संज्ञान महाराज ने शिव महापुराण कथा का रसपान कराया, वहीं महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 भगवतानंद गिरि महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने श्रीराम कथा का श्रवण किया।कार्यक्रम में शिव शक्ति महायज्ञ और आरती के मुख्य यजमान राहुल बंसीलाल राठौर एवं राठौर परिवार रहे। महाशिवरात्रि पर पूर्णाहुति के अवसर पर विशाल भंडारे (भोजन प्रसादी) का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर युवा मंच सत्संग समिति, महादेव कल्याण सेवा समिति, युवा मानव सेवा समिति, महिला मंच सत्संग समिति और गेहूं वितरण समिति ने सभी पधारे हुए अतिथियों, संतों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।



विशेष रूप से संस्थापक गोपाल बागरवाल, संयोजक विट्ठल नगर लीलाधर आदित्य, अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष फूलचंद जदिया, राजेश श्रीवास, सचिव विजय तिवारी, सह सचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्यक्ष ओम जी हरोड़ और कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन किशन भाटी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

युवा मानव सेवा समिति संयोजक रितेश वर्मा, अध्यक्ष डॉ. सागर मारोठिया, उपाध्यक्ष अर्जुन लोकेंद्र रामी, सह सचिव अनिल लश्करी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र डोडिया, मार्गदर्शक सचिन ठाकुर, संगठन मंत्री अमित दुबे, दिनेश परमार, युवा महिला सत्संग समिति संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष लक्ष्मी लश्करी, उपाध्यक्ष भारती गुप्ता, नीता आतिया, सचिव नीता राठौर, योगिता आर्य, कोषाध्यक्ष संतोष भारद्वाज, संगठन महामंत्री पिंकी यादव, कविता राय, हृदयेश्वर महादेव कल्याण सेवा समिति संयोजक हरि सिंह यादव, अध्यक्ष महेश सोनोने, पुजारी पंडित संतोष शर्मा, उपाध्यक्ष रूप सिंह बुंदेला, सचिव अशोक कपूर, अनुज शर्मा, अंकुर शर्मा, बाबूलाल मारोठिया, गेहूं दान वितरण समिति संयोजक राजेश राणा, अध्यक्ष शिवनारायण जागीदार, उपाध्यक्ष वीरेंद्र परमार, अशोक शर्मा विश्वकर्मा आदि ने सेवाएं दी। इस भव्य आयोजन की जानकारी मंच प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अजीत मंगलम ने दी।